# उपराष्ट्रपति गुरुवार को आएंगे उत्तराखंड, बाबा नीम करौली महाराज के करेंगे दर्शन

**उत्तराखंड दौरा**

**▶▶उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए यातायात प्लान बनाया गया है**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ गुरुवार (30 मई) को एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर आ रहे हैं। उपराष्ट्रपति सर्वप्रथम नैनीताल स्थित नीम करौली महाराज के दर्शन के लिए कैंची धाम पहुंचेंगे। कैंची धाम के बाद उपराष्ट्रपति धनखड़ पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे और शिक्षक वर्ग से संवाद करेंगे।

उपराष्ट्रपति के उत्तराखंड दौरे को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। उपराष्ट्रपति तय कार्यक्रम के मुताबिक 30 मई को बरेली हवाई अड्डे से हल्द्वानी स्थित आर्मी हेलीपैड पहुंचेंगे, जहां कार के जरिए सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर बाबा नीम करौली के दर्शन करने कैंची धाम पहुंचेंगे। बाबा नीम करौली के दर्शन के बाद उप राष्ट्रपति पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। विश्वविद्यालय में शिक्षकों के साथ आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## बड़े वाहन का प्रवेश रहेगा बंद

उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए यातायात प्लान बनाया गया है। सुबह छह बजे से वीवीआईपी कार्यक्रम समाप्ति तक पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त बड़े वाहन का प्रवेश पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

## नीम करौली के चमत्कारों की देश-विदेश तक ख्याति

बाबा नीम करौली के चमत्कारों की ख्याति देश-विदेश तक पहुंची है। बाबा के दर्शन के लिए राजनेता, फिल्म जगत से जुड़े अभिनेता, क्रिकेटर समेत तमाम लोग पहुंचते हैं।

लगातार बाबा के धाम में उमड़ रही पर्यटकों की भीड़ के दृष्टिगत केंद्र और राज्य सरकार ने कैंची धाम को मानसखंड मंदिर माला योजना के तहत विकसित करने की योजना बनाई है, ताकि कैंची धाम आने वाले भक्तों को विशेष सुविधा मिल सके और किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के उत्तराखंड दौरे को लेकर की बैठक

**बैठक**

**▶▶ जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल एवं उधमसिंह नगर वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरुवार (30 मई) को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जनपद नैनीताल एवं उधमसिंह नगर के प्रस्तावित भ्रमण के दौरान सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारियों के सम्बन्ध में बुधवार को बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव ने आयुक्त कुंमाऊ मंडल, पुलिस उप महानिरीक्षक, कुंमाऊ परिक्षेत्र, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल एवं उधमसिंह नगर को उपराष्ट्रपति के भ्रमण के दौरान प्रस्तावित कार्यक्रम पर उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से दिए गए निर्देशानुसार समस्त व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने उपराष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान एयरपोर्ट/हैलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा आदि की पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने संचार व्यवस्था के सम्बन्ध में बीएसएनएल की ओर से एयरपोर्ट/हैलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल पर मानकों के अनुसार हाट लाइन, वाई-फाई कनेक्शन की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एयरपोर्ट/हैलीपेड से कार्यक्रम स्थल तक सड़क मार्ग की आवश्यक मरम्मत आदि की व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति आदि के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव दिलीप जावलकर सहित सम्बन्धित अन्य अधिकारी तथा जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल एवं उधमसिंह नगर वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# एलटी शिक्षकों के होंगे स्थानांतरण, शीघ्र एसओपी जारी करने के निर्देश

**पुरानी मांग**

**▶▶राज्य सरकार ने विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत एलटी संवर्ग के शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांग पूरी कर दी है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अब एलटी शिक्षकों के तबादले एक मंडल से दूसरे मंडल में हो सकेंगे। राज्य सरकार ने विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत एलटी संवर्ग के शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांग पूरी कर दी है। सरकार ने एलटी शिक्षकों की सेवा नियमावली में संशोधन कर मंडल परिवर्तन को लेकर विभाग को शीघ्र एसओपी जारी करने के निर्देश दिये हैं।

एलटी शिक्षक को सम्पूर्ण सेवाकाल में मात्र एक बार संवर्ग परिवर्तन का मौका मिलेगा। इसके लिये उन्हें अपने मूल संवर्ग में कम से कम पांच वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करनी आवश्यक होगी तभी वह अंतरमंडलीय स्थानांतरण के लिये पात्र होंगे।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश के एलटी संवर्ग शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांग पर विचार करते हुए राज्य कैबिनेट ने हाल ही में उत्तराखंड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) (संशोधन) सेवा नियमावली-2024 में संशोधन कर अंतरमंडलीय स्थानांतरण को मंजूरी प्रदान की। सरकार ने इस संशोधन के जरिये एलटी संवर्ग के शिक्षकों को सम्पूर्ण सेवा काल में एक बार मंडल परिवर्तन करने का मौका दिया है ताकि शिक्षक इच्छित मंडल में अपनी शेष सेवा पूरी कर सके। मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि एलटी शिक्षकों के संवर्ग परिवर्तन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में शीघ्र ही शासन स्तर से एसओपी जारी की जायेगी। जिसके उपरांत विभागीय स्तर पर अंतरमंडलीय स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की जायेगी, जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

विभागीय मंत्री ने बताया कि नये प्राविधानों के तहत ऐसे सहायक अध्यापकों को मंडल परिवर्तन का मौका मिलेगा जिन्होंने अपने मूल संवर्ग में न्यूनतम पांच वर्षों की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को मंडल परिवर्तन का लाभ सम्पूर्ण सेवा में मात्र एक बार ही अनुमन्य होगा। एक मंडल से दूसरे मंडल में स्थानांतरित शिक्षक कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नवीन संवर्ग में कनिष्ठतम हो जाएंगे।

विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि मंडल परिवर्तन करते समय सामान्य शाखा में कार्यरत शिक्षकों का स्थानांतरण सामान्य शाखा जबकि महिला शाखा में कार्यरत शिक्षिकाओं का स्थानांतरण महिला शाखा में ही किया जायेगा। दोनों मंडलों में जिस मंडल में विषयवार वास्तविक रिक्तियों की संख्या कम होगी उस विषय में उतनी सीमा तक ही समान श्रेणी के विद्यालयों में शिक्षकों के स्थानांतरण किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक शिक्षक सम्बंधित मंडल स्तर पर ही आवेदन करेंगे। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षणोपरान्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा द्वारा शिक्षकों को मंडल आवंटित किये जायेंगे। जिस के लिए शासन स्तर पर गठित समिति से अनुमोदन लेना आवश्यक है।

मंत्री ने बताया कि अंतरमंडलीय स्थानांतरण में पारदर्शिता को लेकर शासन स्तर पर अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। जिसमें अपर सचिव कार्मिक, संयुक्त सचिव माध्यमिक शिक्षा, उप सचिव व अनु सचिव माध्यमिक शिक्षा बतौर सदस्य शामिल किये गये हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अंतरमंडलीय स्थानांतरण से शिक्षकों की समस्या दूर हो जायेगी और वह शिक्षण कार्यों में जुटकर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने में पूर्ण सहयोग करेंगे।

## टिकट के नाम पर यात्रियों से 1.70 लाख ठगे

**गुप्तकाशी (रुद्रप्रयाग) /टीम एक्शन इंडिया**
एक वेबसाइट पर दिए नंबर पर कॉल कर टिकट बुक कराना यात्रियों को भारी पड़ गया। हेली टिकट बुक कराने के नाम पर यात्रियों से 1.70 लाख रुपये ठग लिए गए। केदारनाथ यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर टिकट के नाम पर ठगी के दो मामलों में पुलिस ने गुप्तकाशी थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दोनों मामलों में ठगों ने यात्रियों से हेली टिकट बुक कराने के नाम पर 1.70 लाख रुपये ऐंठ लिए। इस वर्ष यात्रा में हेलिकॉप्टर टिकट की एवज में ठगी का यह पहला मामला है।

# पेसल वीड स्कूल के समर कैंप के संदर्भ में गोष्ठी आयोजित

**समर कैंप**

**▶▶ नन्हे मुन्ने बच्चों में क्षमता विकास, साहस और उनकी रुचियों को सामने लाने का माध्यम समर कैंप होता है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पेसल वीड स्कूल के फाउंडर एवं अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कश्यप और प्रधानाचार्य जतिन सेठी ने पेसल वीड स्कूल में आयोजित होने वाले समर कैंप 2024 के उपलक्ष्य में बुधवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चों में क्षमता विकास, साहस और उनकी रुचियों को सामने लाने का माध्यम समर कैंप होता है। समर कैंप बच्चों को आज के इस कंपटीशन वाले दौर में संघर्ष करने, अपने हुनर को निखारने एवं निरंतर आगे बढ़ते रहने और गुणों से परिपूर्ण रहना सीखाता है।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी हम पेसल वीड स्कूल देहरादून में समर कैंप का आयोजन कर रहे हैं। यह आयोजन एक जून से लेकर 15 जून तक होगा। उन्होंने कहा कि हम बच्चों में समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए समर कैंप के मॉड्यूल को डिजाइन करते हैं एवं एक्सपर्ट्स की ओर से उस पर विचार मंथन के बाद ही अंतिम प्रारूप को तैयार करते हैं और फिर उसे समर कैंप में शामिल किया जाता है। इस बार हम समर कैंप में हॉर्स राइडिंग, स्विमिंग, बास्केटबॉल, आर्ट एंड क्राफ्ट, ऑर्डिनरी स्किल, ताइक्वांडो, योग, मेडिटेशन, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस को शामिल किया है। इस समर कैंप में बच्चे विश्वस्तरीय शिक्षक, ट्रेनर एवं खिलाड़ियों के माध्यम से अपने हुनर को निखारेंगे। प्रत्येक बच्चा दिए गए गतिविधियों में से तीन विषयों का चुनाव कर सकता है एवं अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकता हैं। बच्चों के अभिभावकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए इस समर कैंप का समय प्रात 8:00 बजे से लेकर मध्याह्न 12:00 बजे तक रखा गया है।

# एक तस्कर गिरफ्तार, दो फरार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिये पुलिस लगातार क्षेत्र में छापेमारी कर रही है। बुधवार को भी लक्सर पुलिस ने अलग-अलग जगह पर छापेमारी कर एक स्मैक तस्कर को 4.43 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने छापेमारी के दौरान कच्ची शराब और 100 लीटर लाहन बरामद किया। इस दौरान दो आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाये जाने के लिए टीम गठित कर क्षेत्र में नियमित रूप से सम्भावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। इसके अंतर्गत एक स्मैक तस्कर फरमान पुत्र मेहरबान निवासी वार्ड न. 6 आदर्श कॉलोनी लक्सर को 4.43 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। दूसरी ओर मुखबिर की सूचना पर पुलिस सुल्तानपुर के पास पचेवली बाणगंगा में पटेरा घास में भट्टी लगाकर कच्ची शराब बना रहे दो लोगों को पकड़ने गई, लेकिन पुलिस को देख दोनों आरोपित मौके से फरार हो गये। पुलिस ने मौके से 15 लीटर कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण, भट्टी इत्यादि और 100 लीटर लाहन बरामद किया। लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है।

फरार दोनों आरोपित नीटू पुत्र सुखबीर व टीटू पुत्र सौरण सिह निवासी ग्राम प्रतापपुर लक्सर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# मतगणना को निष्पक्ष बनाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए कई निर्देश



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पड़े मतों की मतगणना को निष्पक्ष व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल के साथ स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के सम्बंध में बैठक ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस बल की तैनाती, रिजर्व ड्यूटी में लगाये गये कार्मिकों के बैठने, सभी एआरओ के पास माइक, पीडब्लूडी नोडल सुरेश तोमर को सम्पूर्ण क्षेत्र की सीलिंग तथा डीएसओ को खान-पान आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

जिला शिक्षाधिकारी केके गुप्ता को कर्मिकों की उपस्थिति की जांच करने तथा एडीआईओ सूचना प्रौद्योगिकी यशपाल 03 जून को अपराह्न 11 बजे से सभी कर्मिकों के रेंडमाइजेशन करने तथा पोस्ट पैड, ईवीएम, वीवीपैट की स्कैनिंग करने के निर्देश दिये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी व पारदर्शिता से करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर गलती या छोटी से छोटी चूक की भी कोई गुंजाइश नहीं है। मतगणना कार्य में लगे अधिकारी पूरी शुद्धता से मतगणना कार्य संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य भी सीसीटीवी की निगरानी में ही संपन्न कराया जाएगा।

बैठक में अपर जिला निर्वाचन अधिकारी पीएल शाह, एआरओ देवेश शाश्नी, अजयवीर सिंह, मनीष सिंह, जितेन्द्र सिंह, लक्ष्मीराज चौहान, प्रेमलाल, कुश्म चौहान, युक्ता मिश्रा, विजय देवराड़ी, वेद प्रकाश, गोपाल सिंह चौहान, अरूणेश, देवेन्द्र सिंह, उदयवीर सिंह मौजूद थे।

## रिजॉर्ट में चार साल के बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला क्षेत्र के एक रिजॉर्ट में एक चार साल के बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बच्चा बेहोशी की हालत में रिजॉर्ट के स्वीमिंग पूल में मिला था।

बच्चे को उपचार के लिए एम्स लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है। हालांकि पुलिस ने प्रकरण की जांच क लिए तहसील प्रशासन को पत्र भेजा है।

# सड़क पर गुंडई दिखाना पड़ा भारी, दो ऑटो चालक समेत आठ हिरासत में




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सड़क पर गुंडई दिखाना दो ऑटो चालकों को भारी पड़ गया। पुलिस ने दोनों की खुमारी उतार दी। सवारी उतारने को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। दोनों ऑटो चालकों ने मारपीट के लिए अपने-अपने साथी बुला लिए थे और सड़क पर गुंडई दिखा रहे थे। पुलिस ने बुधवार को आठ लोगों को हिरासत में ले लिया है। मामला बसंत विहार थाना क्षेत्र का है।गत 26 मई की रात बसंत विहार थाना क्षेत्र में दो ऑटो चालकों में हुई लड़ाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो का एसएसपी अजय सिंह ने संज्ञान लेते हुए पुलिस को तत्काल आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। घटना की जांच में पाया कि प्रथम पक्ष ऑटो चालक आरिफ खान निवासी आजाद कॉलोनी व द्वितीय पक्ष ऑटो चालक हाकिम सिंह निवासी शास्त्री नगर थाना बसंत विहार के बीच अनुराग चौक के पास सवारी उतारने को लेकर बहस हो गई थी। दोनों एक-दूसरे के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आठ लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपितों में हाकिम सिंह (38) पुत्र नाथू राम निवासी शास्त्री नगर खाला, सुजीत कुमार (41) पुत्र जय किशोर पासवान निवासी 546 इंद्रानगर, नाथू लाल (39) पुत्र होरी लाल निवासी 3बी बसंत विहार एनक्लेव, चौधरी पाल (28) पुत्र लटूरी पाल निवासी शास्त्री नगर खाला, आरिफ खान (28) पुत्र गय्युर खान निवासी सत्तोवाली घाटी, आतिफ खान पुत्र अफजाल खान व साहिल खान (25) पुत्र गय्युर खान निवासी सत्तोवाली घाटी थाना बसंत विहार समेत समीर (25) पुत्र चांद खान निवासी राजीव नगर चमनपुरी थाना पटेलनगर देहरादून शामिल हैं।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान देहरादून में अनुश्रवण शुरू



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश में शैक्षिक गुणवत्ता और अकादमिक अनुसमर्थन के लिए राज्य स्तर पर डायट्स के गहन अनुश्रवण कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) देहरादून में अनुश्रवण शुरू हो गया है। यह अनुश्रवण कार्य राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण की सात सदस्यीय टीम, अकादमिक एवं प्रशिक्षण निदेशक बन्दना गर्ब्याल और एससीईआरटी अपर निदेशक अजय कुमार नौडियाल के निर्देशन में किया जा रहा है।

इसके अन्तर्गत डायट्स के इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षक शिक्षा से सम्बन्धित गतिविधियां, मानव संसाधन और उसके सशक्तीकरण की स्थिति, अकादमिक कलैण्डर, समग्र शिक्षा के कार्यक्रमों की भौतिक और वित्तीय प्रगति, राज्य सेक्टर के अन्तर्गत स्वीकृत बजट और उसका उपयोग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (विषयगत) के कार्यों की प्रगति, डी.एल.एड प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षणार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित गतिविधियां, वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2024-25 का क्रियान्वयन, शोध एवं क्रियात्मक शोध के सम्पादन एवं क्रियान्वयन, विविध प्रकार के कार्यक्रमों के अनुश्रवण की स्थिति, डायट द्वारा प्रारम्भ की गयी।

बेस्ट प्रक्टिस और नवाचार, डायट्स से सम्बन्धित अन्य समस्याओं एवं चुनौतियां, टैक्नो फेयर, कौशलम कार्यक्रम, कोडिंग, आर्टिफिशियल इण्टेलीजेन्स, आनन्दम कार्यक्रम, एबेकस कार्यक्रम, निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत एफ.एल.एन., सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण, ई.सी.सी.ई., विभिन्न विषयों में डी.आर.जी. के अन्तर्गत किये गये कार्य आदि का गहन अनुश्रवण किया जायेगा।

डायट देहरादून प्राचार्य राकेश जुगरान ने डायट में चल रही विभिन्न गतिविधियों और नवाचारों को अनुश्रवण टीम के साथ साझा किया। अनुश्रवण टीम की लीडर कंचन देवराड़ी, संयुक्त निदेशक एस.सी.ई.आर.टी. ने समस्त डायट फैकल्टी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की शैक्षिक गुणवत्ता के संवर्धन में डायट्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। डायट जिले का महत्वपूर्ण संसाधन केन्द्र होता है जो शिक्षकों को शैक्षिक नवाचारों तथा नवीन गतिविधियों में प्रशिक्षित करता है।

अनुश्रवण टीम सदस्यों में संयुक्त निदेशक कंचन देवराड़ी, सहायक निदेशक डॉ. कृष्णानन्द बिजल्वाण, कैलाश डंगवाल, डॉ. राकेश चन्द्र गैरोला, डॉ. रंजन कुमार भट्ट, शुभ्रा सिंघल और सूर्यकान्त ममगाईं शामिल हैं।

# दो गाय चोर गिरफ्तार, एक गाय बरामद




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रानीपुर कोतवाली पुलिस ने दो गाय चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की एक गाय बरामद की है। जानकारी के मुताबिक रानीपुर कोतवाली पुलिस में सेक्टर-5 बी बीएचईएल निवासी गुलाम रसूल पुत्र लम्बू ने तहरीर देकर गाय चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गाय की तलाश करते हुए शिवालिक नगर यूकेलिप्टस बाग से 02 युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई गाय बरामद कर ली। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम व पते सरोज कुमार पुत्र हजारी लाल निवासी ग्राम परसेरा, जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश हाल नौकर वृन्दावन टेन्ट हाउस सुमननगर बहादराबाद हरिद्वार व राहुल पुत्र जगदीश सैनी निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना व जिला अमरोहा उ.प्र. बताया।

पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

